इस्लाम की शुरूआत कब हुई ?

متى كانت بداية الإسلام ؟

[हिन्दी - Hindi - هندي]

मुहम्मद सालेह अल-मुनज्जिद

محمد صالح المنجد

अनुवाद : साइट इस्लाम प्रश्न और उत्तर

समायोजन : साइट इस्लाम हाउस

ترجمة: موقع الإسلام سؤال وجواب

تنسيق: موقع islamhouse

2012 - 1433

IslamHouse.com

इस्लाम की शुरूआत कब हुई ?

इस्लाम की शुरूआत कब हुई ? तथा मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम और ईसा अलैहिस्सलाम के बीच कितना अंतराल है ?

उत्तर :

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह के लिए योग्य है।

इस्लाम की शुरूआत नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के अवतरण से हुई जब जिब्रील अरब के प्रायद्वीप के मक्का नगर में अल्लाह की ओर से वह्य लेकर आपके ऊपर उतरे और वह रमज़ान के महीने में सोमवार का दिन था, उस समय आपकी उम्र का चालीसवाँ वर्ष था और यह आपके मदीना की ओर हिज्रत (स्थानांतरित) करने से तेरह वर्ष पूर्व की बात है (और वही हिज्री तारीख की शुरूआत है) और ईसवी तारीख के हिसाब से आपको लगभग ६०८ या ६०९ ईसवी में संदेष्टा बनाया गया, और सलमान फारिसी रज़ियल्लाहु अन्हु ने (जो कि नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के सहाबा में से हैं) इसे बात की सूचना दी है कि मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम और ईसा अलैहिस्सलाम के बीच छः सौ साल का अंतराल है।